EDII

Rajasthan Patrika

January 12, 2022
Page No. 01
Of Parivar

'परिवार' की पहल
बिजनेस बड़ा कैसे करें
पत्रिका बिजनेस बूस्टर

बिजनेस करते एक वर्ष हो गया है तो आप भी कर सकती हैं आवेदन

राजस्थान पत्रिका | Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल, महिलाएं को मिलेगी बिजनेस को बढ़ाने से जुड़ी ट्रेनिंग

महिलाओं को उनके बिजनेस छोटे से बड़े स्तर पर ले जाने के लिए पत्रिका की पहल पर विशेष स्किल डेवलमेंट की ट्रेनिंग आयोजित की जा रही है। इसमें कोई भी महिला बिजनेस से संबंधित निःशुल्क ट्रेनिंग ले सकती है। हालांकि इसमें वही महिला उद्यमी शामिल हो सकती है जिन्हें बिजनेस शुरू किए हुए एक साल से अधिक समय हो चुका है। इस ट्रेनिंग के लिए ब्यूटी पार्लर, किराना, कपड़े की दुकान, मोबाइल की दुकान, सिलाई-कढ़ाई, सब्जियों का स्थाई बिजनेस कर रही या किसी भी अन्य प्रकार के बिजनेस से जुड़ी महिला उद्यमी आवेदन कर सकती है।

चयनित महिलाओं को मौका

छह सप्ताह के ट्रेनिंग प्रोग्राम में सप्ताह के तीन दिन एक-एक घंटे की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें केवल शॉर्टलिस्ट महिलाओं को ही मौका दिया जाएगा। महिलाओं का चयन आवेदन के बाद टेलीफोन पर हुए इंटरव्यू के आधार पर होगा। ट्रेनिंग में शामिल होने वाली महिला उद्यमियों को मार्केट एनालिसिस, मार्केटिंग चैनल डेवलमेंट, कस्टमर केयर टेक्निक, क्रिएट कस्टमर डाटाबेस, सेल्स मैनर और टेक्निक, ईको फ्रेंडली पैकेजिंग, बैंक, सरकारी विभाग और बिजनेस नेटवर्किंग के साथ अपने उत्पादों को बढ़ाने, नए उत्पादों की शुरुआत करने और उसकी गुणवत्ता बढ़ाने की जानकारी दी जाएगी। आवेदन के लिए नीचे दिए गए गूगल लिंक को भरें। इसके बाद आगे की जानकारी आपको फोन पर दी जाएगी।

गूगल लिंक-
bit.ly/3zAVILr

इस कोड को स्कैन कर भी आवेदन कर सकती हैं।

ऑफलाइन फॉर्मेट के माध्यम से आवेदन करने के लिए परिवार के पेज दो पर दिए गए आवेदन पत्र को भरकर नीचे दिए गए वॉटसऐप नंबर या ईमेल पर भेजें।